# HINDU COLLEGE, AMRITSAR

## LIBRARY REGISTER OF ISSUED BOOKS

| Class | Roll No. | Date | A/c No. | Title of the Books | Sig of Student |
|---|---|---|---|---|---|

20-March-2022
Punjab Kesari

## नारी ने विभिन्न क्षेत्रों में लगन और परिश्रम के बल पर हासिल की उपलब्धियां

अमृतसर, 18 मार्च (ममता ): अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में हिंदू कॉलेज में समारोह आयोजित किया गया। प्रिंसीपल डा. संजीव शर्मा ने मुख्यातिथियों का स्वागत किया और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आधी दुनिया अर्थात नारी युगों-युगों से राजनीति, अर्थशास्त्र, धार्मिक, आर्थिक तथा सामाजिक क्षेत्रों में सहयोग देती आई है। समारोह के मुख्यातिथि अजीत विद्यालय स्कूल की प्रिंसीपल रमा महाजन ने बताया कि नारी ने विभिन्न क्षेत्रों में अपार लगन और परिश्रम के बल पर उपलब्धियां अर्जित की है।

प्रस्तुत समारोह के दौरान छात्रों ने रंग-बिरंगे कार्यक्रम संगीत नृत्य गिद्दा आदि प्रस्तुत करके सभी का मन मोह मोह लिया। प्रस्तुत कार्यक्रम में बतौर अतिथि कटरा कर्म सिंह सरकारी स्कूल की प्रिंसीपल आमृपाली, नवल स्कूल के प्रिंसीपल राजीव सचदेवा, बी.के. स्कूल की प्रिंसीपल रेणु, वीन्स स्कूल की सतिन्दर कौर, आइडियल स्कूल की रीतू शर्मा, राम कन्या स्कूल की प्रिंसीपल मीता, वाइस प्रिंसीपल नीरू भाटिया आदि को प्रिंसीपल डा. संजीव शर्मा, वाइस प्रिं. संजय खन्ना, डिप्टी रजिस्ट्रार रितु जैटली द्वारा सम्मानित भी किया गया।



महिलाओं को सम्मानित करती हुईं प्रिं. रमा महाजन व अन्य। (अवधेश)


# HINDU COLLEGE, AMRITSAR

## LIBRARY REGISTER OF ISSUED BOOKS

| S.No. | Class | Roll No. | Date | A/c No. | Title of the Books | Sig. of Student |
|---|---|---|---|---|---|---|

2-April 2022 Punjab Kesari

## अध्यापकों व भूतपूर्व छात्रों ने किया कॉलेज का दौरा



*प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों के साथ प्रिंसीपल डा. संजीव शर्मा व अध्यापक।*

अमृतसर,1 अप्रैल (ममता): हिंदू कॉलेज, अमृतसर में कंप्यूटर साइंस और मल्टीमीडिया विभाग द्वारा रंग उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न स्कूलों के 70 से ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान वर्तमान में स्कूलों में अध्यापन कार्य करने वाले अध्यापकों एवं भूतपूर्व छात्रों ने भी कॉलेज में दौरा किया।

कॉलेज के प्रिंसीपल डा. संजीव शर्मा ने समारोह के अतिथि कॉलेज की प्रबंध पृथ्वी समिति के सचिव पंकज शर्मा और वित सचिव प्रदीप मेहरा का हार्दिक अभिनंदन किया। कॉलेज की प्रबंधक कमेटी के सदस्यों पंकज शर्मा व वित्त सचिव प्रदीप मेहरा, प्रिंसीपल डा. संजीव शर्मा ने भूतपूर्व छात्रों और वर्तमान में विभिन्न स्कूलों में अपनी सेवाएं दे रहे अध्यापकों के साथ वार्तालाप किया। इस दौरान रजिस्ट्रार डा. विजय तथा एडमिशन इंचार्ज प्रोफैसर रितु जेटली ने एडमिशन के विभिन्न बिंदुओं पर बातें की और कॉलेज में अधिकतर एडमिशन करवाने के संदर्भ में चर्चा भी की। इस दौरान कॉलेज के भूतपूर्व छात्र कॉलेज की तरक्की देखकर बहुत प्रसन्न हुए।

इस दौरान कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष रमा शर्मा द्वारा रंगोत्सव के अंतर्गत गायन, नृत्य, मेहंदी, कोलाज मेकिंग, रंगौली, आर्ट एंड क्राफ्ट एवं नॉन गैस बुकिंग आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया।

कॉलेज के भूतपूर्व छात्रों ने कॉलेज में आयोजित हो रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी बखूबी आनंद उठाया। कार्यक्रम के अंत में पंकज शर्मा, प्रदीप मेहरा तथा डा. संजीव शर्मा ने प्रत्येक प्रतियोगिता के प्रथम और द्वितीय छात्रों को प्रमाण-पत्र देक[illegible]त्साहित किया। इस अवसर पर संजय खन्ना, डा. विजय, संदीप गुप्ता, डा. नेहा सेठी आदि उपस्थित थे।

21-May-2022

## हिंदू कॉलेज में फेयरवेल पार्टी में मिस प्रियंका और कोमल मिस चार्मिंग बनी



अमृतसर| हिंदू कॉलेज में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें बीए, बीसीए, बीएसई तृतीय वर्ष की छात्राओं को प्रथम और द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने विदायगी पार्टी दी। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्र-छात्राओं ने मॉडलिंग, नृत्य, संगीत, कविताओं की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए योग्यता के आधार पर विभिन्न खेलों में तृतीय वर्ष की छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान में मिस फेयरवेल प्रियंका और कोमल को मिस चार्मिंग चुना गया। सागर को मिस्टर हैंडसम तथा अनिकेत को पर्सनेलिटी ऑफ द डे चुना गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. संजीव शर्मा ने सभी छात्राओं को उनके भविष्य के लिए आर्शीवाद दिया और कहा कि आपको चुनौतियों का सामना करते हुए बुलन्दियों को छूना है और कॉलेज का नाम रोशन करना हैं। उन्होंने छात्राओं की शुरू होने वाली परीक्षाओं से अवगत कराते हुए मेहनत और लगन से आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर प्रो. रितु जेटली, प्रो. गुरप्रताप, प्रो. नीरज डोडा, प्रो. रमा शर्मा, प्रो. संदीप गुप्ता, प्रो. नरेंद्र जीत सिंह, प्रो. नवदीप कौर आदि मौजूद थे।

9-April 2022

**HINDU COLLEGE, AMRITSAR**

Invites applications for the post of Principal on Regular basis (Grant-in-Aid post). Qualifications & Grade as per UGC/ Pb.Govt./GNDU/DPI Norms. Reservation as per Punjab Government rules. Apply within 15 days: Sh. Pankaj Arora, Secretary, 3rd Floor, SRK Mall, Mall Road, Amritsar with passport size photograph, score performa, certified copies of documents/ testimonials as per the list on CDC Portal, University Website with copy to Dean, CDC, GNDU, Amritsar alongwith bank draft Rs.1180/- favour of Registrar, GNDU Amritsar. Incomplete applications without required documents as per University website will not be entertained.

# HINDU COLLEGE, AMRITSAR

## LIBRARY REGISTER OF ISSUED BOOKS

| Class | Roll No. | Date | A/c No. | Title of the Books | Sig of Student |
|---|---|---|---|---|---|

Dainik Bhaskar 24-5-22

## हिंदू कॉलेज में करवाया ऑनलाइन सेमिनार




अमृतसर| हिंदू कॉलेज में 'महान पंजाब को समृद्ध बनाने में उभरती चुनौतियां' विषय पर ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में एसएल बावा डीएवी कॉलेज बटाला के राजनीति शास्त्र विभाग के डॉ. गुरप्रीत सिंह मुख्य वक्ता थे। विशिष्ट वक्ता डॉ. गुरप्रीत सिंह ने महान पंजाब को समृद्ध बनाने में उभरती चुनौतियां' के विस्तृत स्वरूप से छात्रों को अवगत करवाया। उन्होंने समकालीन पंजाब की विभिन्न चुनौतियों से अवगत करवाते हुए पंजाब को अधिकतम समृद्ध बनाने के समाधानों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में डिप्टी रजिस्ट्रार प्रो. रितु जेटली ने विशिष्ट वक्ता का धन्यवाद ज्ञापित किया।

Punjab Kesari 23-Aug-2022

## तीज के त्यौहार के महत्व के बारे में जानकारी दी



(अवधेश)

*कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रो. संजय खन्ना व अन्य।*

अमृतया, 22 अगस्त (ममता): हिंदू कॉलेज, अमृतसर में श्रावण मास के उपलक्ष्य में तीज का त्योहार अत्यंत हर्ष उल्लासपूर्वक मनाया गया। मुख्यातिथि मीनाक्षी महाजन, लतिका मेहरा (सैक्रेड हार्ट स्कूल की प्राध्यापिका), समाज सेविका सुरभि वर्मा का उप-प्राचार्य प्रो. संजय खन्ना, डिप्टी रजिस्ट्रार रितु जेटली ने स्वागत किया।

कॉलेज के वाइस प्रिंसीपल प्रो. संजय खन्ना ने तीज के त्यौहार के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। हरियाली तीज के नाम से भी जाना जाने वाला तीज का त्यौहार मौसम में हरियाली की शुरुआत करने वाला त्योहार है। प्रो. नवदीप कौर ने मंच संचालन किया।

तीज के त्यौहार के उपलक्ष्य में गिद्दा, पंजाबी गीत गायन, भांगड़ा आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया। तीज के आयोजन पर रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया और विजेता छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। सभी प्रोफैसरों एवं छात्राओं ने [illegible] त्यौहार का खूब आनंद मनाया।

# HINDU COLLEGE, AMRITSAR

## LIBRARY REGISTER OF ISSUED BOOKS

| S.No. | Class | Roll No. | Date | A/c No. | Title of the Books | Sig of Student |
|---|---|---|---|---|---|---|

Dainik Bhaskar
23-Aug-2022


## हिंदू कॉलेज ने हर्षोल्लास मनाया तीज का त्योहार



अमृतसर | हिंदू कॉलेज में तीज का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्यातिथि मीनाक्षी महाजन, लतिका मेहरा (सेक्रेड हार्ट स्कूल की प्राध्यापिका), समाज सेविका सुरभि वर्मा का उप प्राचार्य प्रोफेसर संजय खन्ना, डिप्टी रजिस्ट्रार रितु जेटली ने स्वागत किया। कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल प्रो. संजय खन्ना ने तीज के त्यौहार के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। इस दौरान गिद्दा, पंजाबी गीत गायन, भंगड़ा आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इसमें छात्राओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया।

Dainik Bhaskar
8-9-22

## शिक्षक छात्र को बनाते हैं अच्छा नागरिक : मेहरा



अमृतसर | शिक्षक दिवस पर हिंदू कॉलेज में सेमिनार करवाया गया। कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल प्रो. संजय खन्ना ने बताया कि भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिन के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस मनाया जाता है। क्योंकि वह एक दार्शनिक और महान शिक्षक थे। भारतीय शिक्षा में उनका योगदान निर्विवाद है। हिंदू कॉलेज की मैनेजमेंट कमेटी के वित्त सचिव प्रदीप मेहरा ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक अपने छात्रों को कल के जिम्मेदार नागरिक और अच्छे इंसान बनाने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर रमेश गुप्ता, रविकांत अरोड़ा और हिंदू कॉलेज के समस्त अध्यापक गण भी उपस्थित थे।

The Tribune 14-9-22

# Hindu College library opens its doors for everyone

TRIBUNE NEWS SERVICE

AMRITSAR, SEPTEMBER 13

The library of Hindu College, which was accessible only to students and staff, has now been thrown open for people, especially research scholars.

The college, which has been one of the oldest learning institutes in the city, houses rare books and manuscripts in its library, which is one of the oldest in the city. With a collection of more than 40,000 books, journals, newsletters, it also has a collection of ancient texts of Hindi, etc., that have been preserved with great care and security, the college states.

Announcing the availability of the library for everyone, Anju Mahajan, library in-charge, said among the oldest collection in the library includes ancient manuscripts, rare scripts of Hindi, Punjabi and several first editions of famous books. "The college has maintained and preserved the treasure of books very well and we are constantly updating our staff and creating digital archives. We want to encourage people to take up reading, especially get familiar with the rare literature that we have here," said Anju.



College faculty at the library which was earlier accessible only to students and staff. TRIBUNE PHOTO

Many books have been presented to the library by collectors and book enthusiasts, including Dr Shailendra Kumar Singh, Assistant Professor, Department of Philosophy, Magadh University, Bodh Gaya. "Most of the readers we get include students, who are preparing for competitive exams. Along with this, people of older age group, who like reading books, have also been reaching out to us. In such a situation, efforts are being made continuously to increase the book collection for them," said Anju.

The college boasts of having a long list of eminent alumni, including former Prime Minister Manmohan Singh, former Army chief Field Marshal Sam Manekshaw, cricketers Bishan Singh Bedi, Madan Lal and Arjuna awardee badminton player Dinesh Khanna, among others. The library also has memorabilia of its famous alumni among its collection.

# HINDU COLLEGE, AMRITSAR

## LIBRARY REGISTER OF ISSUED BOOKS

| S.No. | Class | Roll No. | Date | A/c No. | Title of the Books | Sig of Student |
|---|---|---|---|---|---|---|

11-Sep-2022
Punjab Kesari

# छात्रा आंचल 81 प्रतिशत अंकों के साथ यूनिवर्सिटी की डिस्ट्रिक्ट मैरिट लिस्ट में प्रथम



छात्रा के साथ अध्यापक। (अवधेश)

अमृतसर, 10 सितम्बर (ममता): हिंदू कॉलेज के अध्यापकों के अथक प्रयासों एवं मार्गदर्शन में छात्रों की दिन-रात की निरंतर मेहनत, लगन के परिणाम स्वरुप एम.ए. (अर्थशास्त्र) चौथे सैमेंस्तर की परीक्षा के नतीजों में छात्रों ने अपार सफलता हासिल कर कॉलेज के नाम को चार चांद लगाए।

यह संस्था के लिए गौरव की बात है कि एम.ए. (अर्थशास्त्र) चौथे सैमेस्तर कक्षा की छात्रा आंचल श्रीवास्तव ने 81 प्रतिशत अंकों के साथ यूनिवर्सिटी की मैरिट लिस्ट डिस्ट्रिक्ट में प्रथम स्थान के साथ डिस्टिकशन प्राप्त किया।

एम.ए. (अर्थशास्त्र) दूसरे सैमेस्तर के छात्रा रेवती की भी 71 प्रतिशत अंकों के साथ डिस्ट्रिक्ट में स्थान अर्जित कर कॉलेज की शोभा बढ़ाई है।

एम.ए. अर्थशास्त्र के [illegible]परे और चौथे सैमेस्टर का परिणाम [illegible] प्रतिशत रहा। छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय संस्था के अध्यापकों को दिया।

30 Sep 2022 Dainik Bhaskar

# हिंदू कॉलेज में भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित




**अमृतसर** | हिंदू कॉलेज में शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई। प्रो. संजय खन्ना ने बताया कि भगत सिंह आजादी के मतवाले ही नहीं, बल्कि वक्ता, पाठक-लेखक भी थे। उन्होंने छात्रों को जागरूक करने के लिए साइकिल रैली रवाना की, जबकि पोस्टर मेकिंग, डेक्लामेशन और काव्य उच्चारण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. जेपी सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार प्रो. रितु जेटली मौजूद थे।

# HINDU COLLEGE, AMRITSAR

## LIBRARY REGISTER OF ISSUED BOOKS

| Class | Roll No. | Date | A/c No. | Title of the Books | Sig of Student |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 Oct 2022 | | Dainik Bhaskar. | |

# पर्यावरण में आ रहे बदलाव लोगों की जिंदगी पर डाल रहे प्रभाव : खेड़ा

**अमृतसर**| हिंदू कॉलेज में प्रिंसिपल डॉ. संजीव शर्मा की अध्यक्षता में भूगोल और पर्यटन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अभिषेक अग्रवाल और डॉ. सेरिश खेड़ा द्वारा 'रोजमर्रा की जिंदगी में एक भौगोलिक दृष्टिकोण: रियलोनॉमिक्स' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रमुख वक्ता ने अपने देशवासियों पर भूगोल और पर्यावरण के प्रभाव का पता लगाया और रोजमर्रा की जिंदगी पर प्रभाव डाला। इस अवसर पर प्रो. डॉ. राकेश जोशी, डॉ. केशव, डॉ. सतिंदर कौर, संजय खन्ना, रितु जेटली के अलावा स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

